**Online Extension Lecture on World Ozone Day**
**13-09-2024**

The Chemistry Department and Red Ribbon Cell jointly organized a special online extension lecture today on the occasion of World Ozone Day. The lecture began at 10:30 a.m. in the college's conference hall, with Dr. Amita Garg, Associate Professor in the Department of Chemistry, Maharishi Markandeshwar (Deemed to be University), Mullana, as the keynote speaker.






जनता कॉलेज कौल में विश्व ओजोन दिवस पर ऑन लाइन व्याख्यान आयोजित

व्याख्यान में उपस्थित छात्र।

सवेरा न्यूज/ प्रदीप हरित

कैथल, 13 सितंबर : जनता कॉलेज कौल के रसायन शास्त्र विभाग और रेड रिबन सेल के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर ऑन लाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अमिता गर्ग, एसोसिएट प्रोफेसर रसायन शास्त्र विभाग महर्षि मार्कण्डेश्वर मुल्लाना ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ऋषि पाल प्राचार्य जनता कॉलेज ने की। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. राधिका खन्ना रसायन शास्त्र विभाग और डॉ. नैन्सी गुलाटी संयोजिका रेड रिबन सेल रहीं। डॉ. अमिता गर्ग ने अपने व्याख्यान में ओजोन परत के क्षरण और इसके संरक्षण के उपायों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर पर्यावरणीय स्थिरता, सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की गई। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें ओजोन परत के संरक्षण की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था।